दिन– सोमवार दिनांक– 04 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को मुद्‌दे पर लोकसभा की कार्यवाही आज एक बार फिर बाधित हुई। विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सुबह ग्यारह बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल चलाने की कोशिश की, लेकिन विपक्षी सदस्यों ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को वापस लेने सहित विभिन्न मुद्दों पर नारेबाजी शुरू कर दी। श्री बिरला ने विपक्ष से प्रश्नकाल चलने देने की अपील करते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कार्य है और विपक्ष को इसमें भाग लेना चाहिए। विपक्षी सदस्यों ने अपना विरोध जारी रखा, जिसके बाद अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

———————————————————————

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का आज इक्यासी वर्ष की आयु में नई दिल्ली में निधन हो गया। वे पिछले एक महीने से दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में जीवन रक्षक प्रणाली पर थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने शिबू सोरेन के निधन पर गहरा दुःख जताया है। इस बीच, झारखंड में आज से तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की गई है। राज्य में सभी सरकारी कार्यालय आज और कल बंद रहेंगे। वहीं, झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है।

———————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। राजधानी पटना और आसपास के इलाकों में आज मूसलाधार बारिश हुई है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण, पश्चिमी

चंपारण, सारण और सीवान जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, गोपालगंज, सीतामढ़ी, किशनगंज और अररिया जिले में भारी बारिश का पूर्वानुमान है।

———————————————————————————————————————

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी देखी जा रही है। गंगा नदी का जलस्तर बक्सर से भागलपुर के कहलगांव तक खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। वहीं, सोन नदी का जलस्तर पटना के मनेर में लाल निशान से ऊपर दर्ज किया गया। बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में खतरे के निशान से बयालीस सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड की गई। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में लाल निशान से इकतीस सेंटीमीटर और कटिहार के कुरसेला में पच्चीस सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया। इस बीच नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने सभी तटबंधों की निगरानी बढ़ा दी है। तटवर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

———————————————————————————————————————

आज सावन की चौथी और अंतिम सोमवारी है। इस अवसर पर पूरा वातावरण ओम नमः शिवाय के मंत्रोच्चार से गुंजायमान है। मंदिरों और शिवालयों में सुबह से ही भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ, मुजफ्फरपुर के गरीबनाथ, सोनपुर के हरिहरनाथ, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, पटना के बैकटपुर धाम, लखीसराय के अशोकधाम, मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान, दरभंगा के कुशेश्वर स्थान, सुपौल के तिलहेश्वर स्थान और सहरसा के मटेश्वरनाथ मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा–अर्चना कर जलाभिषेक कर रहे हैं। इधर, भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवड़ियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

———————————————————————————————————————

भागलपुर ज़िले के शाहकुंड थाना क्षेत्र में कांवड़ियों को ले जा रहा एक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में पाँच लोगों की मौत हो गई। भागलपुर के पुलिस अधीक्षक ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि देर रात हुए इस हादसे में तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

---

समाप्त